प्रेस नोट संख्या- 35
दिनांक 20.05.2026
सराहनीय कार्य अमेठी पुलिस

ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा चोरी का खुलासा, चोरी की 03 मोटरसाइकिल व 01 टुल्लू मोटर के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 20.05.2026 को क्षेत्राधिकारी तिलोई श्री दिनेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा **ऑपरेशन चक्रव्यूह** के तहत देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मोटरसाइकिल सवार अभियुक्त अरुन कुमार कश्यप पुत्र राम कुमार निवासी ग्राम हंसराजपुर थाना बाबा बाजार जनपद फैजाबाद उम्र करीब 26 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। मोटरसाइकिल हीरो स्पेलेंडर प्लस के कागज मांगने पर दिखा न सका। तलाशी से मोटरसाइकिल में रखे प्लास्टिक की बोरी से 01 पानी का टुल्लू मोटर बरामद हुआ।

पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि यह मोटरसाइकिल व टुल्लू मोटर चोरी की है। मोटरसाइकिल को वह कुछ दिन पहले गंगानगर में बरात से चोरी किया था और टुल्लू मोटर वह ग्राम बसन्तपुर में स्कूल के पीछे से चोरी किया था। अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी की 02 अन्य मोटरसाइकिल 1.एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल, 2.बजाज सीटी मोटरसाइकिल सेमरौता कठौरा सड़क किनारे झाड़ियों से बरामद की गयी। जिन्हें भिन्न भिन्न स्थानों से पूर्व में चोरी कराना बताया। हीरो स्पलेंडर प्लस व टुल्लू मोटर के संबंध में थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी व एचएफ डीलक्स मोटरसाइकलि के संबंध में थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी पर अभियोग पंजीकृत है। बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोगों में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता–

1. अरुन कुमार कश्यप पुत्र राम कुमार निवासी ग्राम हंसराजपुर थाना बाबा बाजार जनपद फैजाबाद उम्र करीब 26 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग-

1. मु0अ0सं0 46/26धारा 303(2)317(2) बी0एन0एस0 थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी।
2. मु0अ0सं0 47/26 धारा 303(2)317(2) बी0एन0एस0 थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी।

बरामदगी-

1. हीरो स्पेलेंडर प्लस मोटरसाइकिल (मु0अ0सं0 46/26 थाना शिवरतनगंज से संबंधित)
2. एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल (मु0अ0सं0 169/26 थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी से संबंधित)।
3. बजाज सीटी मोटरसाइकिल।
4. चोरी का टुल्लू मोटर (मु0अ0सं0 47/26 थाना शिवरतनगंज से संबंधित)

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. उ0नि0 दयाशंकर मिश्रा थानाध्यक्ष शिवरतनगंज जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 कुंवर सिह थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी।
3. उ0नि0 मनोज कुमार प्रजापति थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी।
4. हे0का0 अखिलेश तिवारी थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी।
5. हे0का0 आलेन्द्र कुमार थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी।
6. हे0का0 राजकुमार थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी।